# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS
## सीईएन - 05/25 - जेई, डीएमएस, सीएमए - CEN - 05/25 - JE, DMS, CMA

| | |
|---|---|
| Test Date | 20/02/2026 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject | RRB JE DMS CMA |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **RRB JE DMS CMA**

**Q.1** समीकरण $x^2 - 5x + 6 = 0$ और $x^2 + ax + b = 0$ का ठीक एक उभयनिष्ठ मूल है, और दूसरे समीकरण का दूसरा मूल –4 है। निम्नलिखित में से a और b के संभावित मान कौन-से हैं?

**Ans**
1. a=1, b=12
2. a=5, b=−20
3. a=3, b=−6
4. ✔ a=2, b=−8

**Q.2** एक वृक्ष की ऊँचाई उसकी आयु के वर्गमूल के अनुक्रमानुपाती है। जब वृक्ष की आयु 324 वर्ष है, तब उसकी ऊँचाई 19 फीट है। 81 वर्ष की आयु में वृक्ष की ऊँचाई (फीट में) क्या होगी?

**Ans**
1. 8.39
2. 9.14
3. 9.01
4. ✔ 9.5

**Q.3** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित प्रकार से संगत हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर समूह युग्म, उस समूह से संबंधित नहीं है?
(ध्यान दें: असंगत अक्षर-समूह युग्म, उस अक्षर-समूह युग्म में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)

**Ans**
1. ✔ LN - CE
2. SU - KM
3. QS - IK
4. XZ - PR

**Q.4** दिसंबर 2024 में, किस राज्य में स्थित मसाली (Masali) गाँव, भारत का पहला सीमावर्ती सौर ऊर्जा गाँव बना?

**Ans**
1. कर्नाटक
2. ओडिशा
3. मध्य प्रदेश
4. ✔ गुजरात

Q.5 यदि $\frac{x}{y} = \frac{11}{5}$ है तो $\frac{x^2 + y^2}{x^2 - y^2}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans

1. $\frac{67}{48}$

✔ 2. $\frac{73}{48}$

3. $\frac{79}{48}$

4. $\frac{71}{48}$

Q.6 एक कणपुंज (micelle) के जलविरागी छोर कहाँ निर्देशित होते हैं?

Ans

1. सीधे जल अणुओं की ओर

2. यादृच्छिक रूप से सभी संभावित दिशाओं में

3. बाहर की ओर हाइड्रोजन आबन्ध बनाते हुए

✔ 4. जल से दूर केंद्र की ओर

Q.7 यदि वायुमंडलीय अपवर्तन नहीं होता, तो पृथ्वी से तारों के अवलोकन के दौरान सबसे उल्लेखनीय परिवर्तन कौन-सा होता?

Ans

1. ग्रह, तारों की तरह चमकते।

2. रात के आसमान से तारे गायब हो जाते।

✔ 3. तारे टिमटिमाते हुए नहीं दिखते; उनका प्रकाश स्थिर रहता।

4. तारों का रंग तेजी से बदलता।

Q.8 सात व्यक्ति, A, L, M, I, R, H और S एक पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके बैठे हैं।
केवल A, S के बाईं ओर बैठा है। केवल चार व्यक्ति A और H के बीच में बैठें हैं। L और R के बीच में केवल I बैठा है और L, H का निकटतम पड़ोसी नहीं है।
रेखा के सबसे दाईं ओर कौन बैठा है?

Ans

1. A

2. R

3. H

✔ 4. M

Q.9 एक प्रश्न के बाद दो कथन (I) और (II) दिए गए हैं। आपको यह निर्णय करना है कि कथनों में दिए गए आंकड़े प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़ें और उचित उत्तर का चयन करें।

5 व्यक्तियों P, Q, X, Y और Z, सोमवार और शुक्रवार के बीच एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिनों में परीक्षा देते हैं। गुरुवार को किसकी परीक्षा है?
I. Q की परीक्षा मंगलवार को है। P और Q के बीच में किसी की परीक्षा नहीं है। Z की परीक्षा X के ठीक बाद है।
II. X की परीक्षा Q के बाद के दिनों में से किसी एक दिन है। P और Y के बीच में केवल तीन व्यक्तियों की परीक्षा है।

Ans

✔ 1. कथन I और II में दिए गए आँकड़े एक साथ (न कि केवल कथन I अकेला या केवल कथन II अकेला) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।

2. केवल कथन II में दिए गए आंकड़े, प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन I में दिए गए आंकड़े नहीं।

3. केवल कथन I में दिए गए आंकड़े, प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन II में दिए गए आंकड़े नहीं।

4. दोनों कथनों I और II में दिए गए आंकड़े एक साथ, प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।

Q.10 निम्नलिखित अभिक्रिया पर विचार कीजिए:

$$CH_3CH_2OH + \text{Alkaline } KMnO_4 \xrightarrow{\text{Heat}} CH_3COOH$$

निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?
(A) यह अभिक्रिया प्राथमिक ऐल्कोहॉल के कार्बोक्सिलिक अम्ल में ऑक्सीकरण को निरूपित करती है।
(B) क्षारीय $KMnO_4$ ऑक्सीकरण कर्मक के रूप में कार्य करता है।
(C) क्षारीय $KMnO_4$ अपचायी कर्मक के रूप में कार्य करता है।

Ans
1. केवल A और C
2. A, B और C
3. केवल B
4. केवल A और B ✔

Q.11 छः दोस्त O, P, Q, G, H और I, एक ही इमारत की छः अलग-अलग मंजिलों पर रहते हैं। इमारत की सबसे निचली मंजिल का क्रमांक 1 है, उसके ठीक ऊपर की मंजिल का क्रमांक 2 और इसी क्रम में आगे की भी मंजिल को सबसे ऊपरी मंजिल तक क्रमांकित किया गया है। सबसे ऊपरी मंजिल का क्रमांक 6 है।
O और H के बीच में केवल दो व्यक्ति रहते हैं। P के ऊपर O रहता है। Q और P के बीच में केवल दो व्यक्ति रहते हैं। G और P के बीच में केवल एक व्यक्ति रहता है। G मंजिल क्रमांक 1 पर रहता है।
I के ऊपर कितने व्यक्ति रहते हैं?

Ans
1. दो ✔
2. एक
3. एक भी नहीं
4. तीन

Q.12 2002 के 86वें संविधान संशोधन द्वारा कौन-सा मौलिक कर्तव्य जोड़ा गया था?

Ans
1. सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा करना
2. भारत के सभी लोगों के बीच सद्भाव को बढ़ावा देना।
3. 6-14 वर्ष की आयु के सभी बच्चों को शिक्षा के अवसर प्रदान करना। ✔
4. भारत की संप्रभुता को बनाए रखना और उसकी रक्षा करना।

Q.13 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

DIB FKD HMF JOH ?

Ans
1. LRJ
2. LQJ ✔
3. LRI
4. LQI

Q.14 निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या 9 और 43 दोनों से विभाज्य है?

Ans
1. 7095
2. 8901 ✔
3. 7230
4. 10710

Q.15 एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए 18 का संबंध 270 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 21 का संबंध 315 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 24 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएँ की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

Ans
1. 360 ✔
2. 375
3. 390
4. 370

**Q.16** **नीचे दिए गए दो कथनों का संदर्भ लीजिए और सही विकल्प चुनिए।**
**कथन A: किसी यौगिक के रासायनिक सूत्र को लिखते समय, कुल धनात्मक और ऋणात्मक आवेशों को एक-दूसरे को संतुलित करना चाहिए।**
**कथन B: संयोजकताओं को संतुलित करना यह सुनिश्चित करता है कि बना यौगिक विद्युत रूप से उदासीन है।**

**Ans**
1. कथन A सही है लेकिन B गलत है।
2. कथन A गलत है लेकिन B सही है।
3. ✔ A और B दोनों कथन सही हैं।
4. A और B दोनों कथन गलत हैं।

**Q.17** **किसी दिए गए पदार्थ के एक तार की लंबाई l तथा अनुप्रस्थ काट का क्षेत्रफल A है, और इसका प्रतिरोध 9 Ω है। उसी पदार्थ के एक अन्य तार की लम्बाई l/3 और अनुप्रस्थ काट का क्षेत्रफल 3A है। इस दूसरे तार का प्रतिरोध क्या होगा?**

**Ans**
1. 2 Ω
2. 6 Ω
3. ✔ 1 Ω
4. 0.5 Ω

**Q.18** **वाशिंग सोडा का उपयोग आमतौर पर निम्नलिखित में से किसके लिए किया जाता है?**

**Ans**
1. ✔ ग्रीस हटाने और जल को मृदु बनाने के लिए।
2. सिके हुए खाद्य पदार्थों में अम्लता बढ़ाने के लिए।
3. मानव रक्त में अम्लता को प्रभावहीन करने के लिए।
4. मांस को लंबे समय तक संरक्षित रखने के लिए।

**Q.19** **एक निश्चित कूट में,**
**'boy likes games' को 'tu vw xy' के रूप में कूटबद्ध किया गया है।**
**'girl likes music' को 'za vw rs' के रूप में कूटबद्ध किया गया है।**
**'music games hobby' को 'rs xy pq' के रूप में कूटबद्ध किया गया है।**

**प्र. hobby के लिए क्या कूट है?**

**Ans**
1. xy
2. rs
3. vw
4. ✔ pq

**Q.20** **एक टंकी से दो प्रवेश पाइप A और B तथा एक निकास पाइप O जुड़े हुए हैं। पाइप A टंकी को 8 घंटे में भरता है, पाइप B टंकी को 12 घंटे में भरता है, और निकास पाइप O भरी हुई टंकी को 24 घंटे में खाली कर सकता है। यदि तीनों पाइप एक साथ खोल दिए जाएं, तो टंकी को भरने में कितना समय लगेगा?**

**Ans**
1. ✔ 6 घंटे
2. 6.8 घंटे
3. 5.5 घंटे
4. 6.5 घंटे

**Q.21** **क्लोर-क्षार प्रक्रिया के बारे में सही कथन की पहचान कीजिए।**

**Ans**
1. ✔ कैथोड पर हाइड्रोजन गैस और एनोड पर क्लोरीन गैस बनती है।
2. एनोड में NaOH और कैथोड में क्लोरीन गैस बनती है।
3. इसका उपयोग लवण जल के विद्युत अपघटन द्वारा Na2CO3 विलयन तैयार करने के लिए किया जाता है।
4. विद्युत अपघटन के दौरान एनोड के पास सोडियम हाइड्रॉक्साइड उत्पन्न होता है।

**Q.22** एक छात्र ने तीन विषयों में क्रमशः 60, 70, और 80 अंक प्राप्त किए, जिनका भार (weights) क्रमशः 2, 3, और 5 है। भारित औसत प्राप्तांक (weighted mean score) क्या है?

**Ans**

1. 71
2. 73 ✔
3. 75
4. 77

**Q.23** यदि $5\sin Y + \cos Y = \sqrt{2}\sin Y$ है, तो $\tan Y$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**

1. $\frac{-5 - \sqrt{2}}{23}$ ✔
2. $\frac{-5 - \sqrt{2}}{28}$
3. $\frac{-6 - \sqrt{2}}{23}$
4. $\frac{-5 - \sqrt{2}}{33}$

**Q.24** एक दुकानदार ₹56 प्रति किग्रा मूल्य वाला चावल का एक मिश्रण बेचना चाहता है। यदि चावल की एक किस्म का मूल्य ₹54 प्रति किग्रा और दूसरी किस्म का मूल्य ₹64 प्रति किग्रा है, तो उसे इन्हें किस अनुपात में मिलाना चाहिए?

**Ans**

1. 3 : 1
2. 4 : 1 ✔
3. 2 : 3
4. 3 : 2

**Q.25** यदि $x^2 - kx - 49 = 0$ और $x^2 - 5kx + 11 = 0$ $(k > 0)$ का एक उभयनिष्ठ मूल हो, तो **k** का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**

1. $\frac{15}{2}$
2. $\frac{15}{4}$
3. $\frac{15}{8}$ ✔
4. $\frac{15}{7}$

**Q.26** दो उम्मीदवारों के बीच एक चुनाव में, 86% पंजीकृत मतदाताओं ने मतदान किया और डाले गए मतों में 6% मत अवैध पाए गए। जीतने वाले उम्मीदवार को वैध मतों में से 58% मत मिले और उसने 202100 मतों के अंतर से चुनाव जीता। कितने मतदाता पंजीकृत थे?

**Ans**

1. 1562500 ✔
2. 1562800
3. 1562200
4. 1562400

Q.27 भारत में, निम्नलिखित में से कौन-सा अधिनियम विशेष रूप से वायु प्रदूषण के नियंत्रण से संबंधित है?

Ans
1. वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1984
✔ 2. वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981
3. वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1990
4. वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1988

Q.28 Which of the following is an advantage of paper cups over plastic cups?

Ans
1. They are reusable
2. They are cheaper
3. They are stronger
✔ 4. They are biodegradable

Q.29 एक चलती हुई कार में बैठे यात्री को कार के अचानक शुरू होने पर पीछे की ओर झटका महसूस होता है। गति का पहला नियम इस अनुभव की व्याख्या कैसे करता है?

Ans
1. सीट यात्री को आगे की ओर धकेलती है, जिससे यह महसूस होता है।
2. कार के अंदर मौजूद हवा के द्वारा यात्री को पीछे की ओर धकेला जाता है।
✔ 3. जब कार आगे की ओर बढ़ रही होती है, तो यात्री विराम की अवस्था में रहता है, जो जड़त्व दर्शाता है।
4. सीट से होने वाले घर्षण से पीछे की ओर झटका महसूस होता है।

Q.30 एककोशिकीय जीवों के लिए अंतःकोशिकीय पाचन क्यों उपयुक्त है?

Ans
1. उनमें पाचक एंजाइमों का अभाव होता है।
✔ 2. उनमें विशेष पाचक अंगों का अभाव होता है।
3. वे बाहरी पाचन पर निर्भर करते हैं।
4. उनके शरीर में बड़ी-बड़ी गुहाएँ होती हैं।

Q.31 स्त्री शिखर सम्मेलन (STREE Summit) 2025 के विवरण से अनुमानित इसका मुख्य विषय क्या है?

Ans
1. "महिलाओं के अधिकार मानवाधिकार हैं"
✔ 2. "वह सम्मान, समानता और सशक्तिकरण के माध्यम से विजयी होती है।"
3. "लैंगिक समानता: प्रगति का मार्ग"
4. "महिलाओं को सशक्त बनाना, समाज को सशक्त बनाना"

Q.32 एक निश्चित कूट भाषा में,
'A + B' का अर्थ है 'A, B का बेटा है',
'A – B' का अर्थ है 'A, B की बहन है',
'A x B' का अर्थ है 'A, B की पत्नी है' और
'A ÷ B' का अर्थ है "A, B का पिता है'।

यदि 'Q + E ÷ R – C x D' है, तो Q का D से क्या संबंध है?

Ans
1. भाई
✔ 2. पत्नी का भाई
3. पत्नी के पिता
4. पिता

Q.33 एक घन, जिसके प्रत्येक किनारे की माप 285 m है, का कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल ($m^2$ में), _______ होगा।

Ans
1. 487308
2. 487362
✔ 3. 487350
4. 487344

Q.34 ग्लोबल फायरपावर इंडेक्स 2025 के अनुसार, पारंपरिक सैन्य शक्ति के मामले में भारत की वैश्विक रैंक क्या है?

Ans
1. दूसरी
2. पांचवीं
3. तीसरी
✔ 4. चौथी

Q.35 यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन अंकीय संख्याओं पर आधारित है।

(बाएँ) 453 914 527 658 715 (दाएँ)

(उदाहरण- 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
ध्यान दें: सभी संक्रियाएं बाएँ से दाएँ की जानी चाहिए।

यदि सबसे बड़ी संख्या के तीसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के दूसरे अंक से गुणा किया जाए, तो परिणामी क्या होगा?

Ans
1. 19
✔ 2. 20
3. 17
4. 18

Q.36 निम्नलिखित में से कौन-सा जैविक कारक अनाज के भंडारण में होने वाले नुकसान के लिए उत्तरदायी है?

Ans
1. नमी
2. सूर्य का प्रकाश
✔ 3. कीट
4. तापमान

Q.37 गोपाल ने एक व्यवसाय शुरू करने के लिए एक बैंक से ₹420000 की राशि उधार ली। 5% वार्षिक की दर से 4 वर्ष पश्चात, वह कितने साधारण ब्याज (₹ में) का भुगतान करेगा?

Ans
1. 82000
2. 85000
✔ 3. 84000
4. 83000

Q.38 रुपेश के वेतन में पहले 44% की कमी की गई और उसके बाद उसमें 15% की वृद्धि की गई। उसका अंतिम वेतन उसके प्रारंभिक वेतन की तुलना में कितने प्रतिशत कम है?

Ans
✔ 1. 35.6%
2. 29%
3. 15%
4. 6.6%

Q.39 430 m और 120 m लंबी दो रेलगाड़ियां क्रमशः 70 km/h और 100 km/h की चाल से समान दिशा में चल रही हैं। पीछे से आ रही तेज चाल वाली रेलगाड़ी द्वारा दूसरी रेलगाड़ी को पूर्ण रूप से पार करने में लगने वाला समय (मिनट में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 4.1
✔ 2. 1.1
3. 1.6
4. 3.2

**Q.40** एक ठोस लंब वृत्तीय शंकु की त्रिज्या 24 cm है और इसकी ऊँचाई 32 cm है। शंकु का कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल _______ है।

**Ans**
1. 576π cm2
2. 1728π cm2
3. ✔ 960π cm2
4. 1536π cm2

**Q.41** M, A, T, H और S, प्रत्येक की आयु अलग-अलग है और सभी आयु पूर्णांक हैं। M केवल दो व्यक्तियों से आयु में छोटा है। H, 88 वर्ष का है, जो कि दूसरी सबसे अधिक आयु है। S, M से आयु में छोटा लेकिन A से बड़ा है। आयु में सबसे बड़ा कौन है?

**Ans**
1. H
2. ✔ T
3. A
4. S

**Q.42** गंधीय-सूचकों का कौन-सा युग्म क्षारीय विलयन में अपनी गंध खो देता है?

**Ans**
1. फिनोलफथेलिन और प्याज
2. हल्दी और प्याज
3. प्याज और नीला लिटमस
4. ✔ वैनिला एसेंस और लौंग का तेल

**Q.43** एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए 24 का संबंध 270 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 31 का संबंध 340 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 43 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है? (ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएँ की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

**Ans**
1. 450
2. ✔ 460
3. 430
4. 420

**Q.44** एक विद्युत रेफ्रिजरेटर की शक्ति संनिर्धारण 500 W है और इसे प्रतिदिन 6 घंटे उपयोग किया जाता है। यदि विद्युत ऊर्जा की दर ₹4.00 प्रति किलोवॉट-घंटा है, तो 30 दिनों तक रेफ्रिजरेटर को चलाने की कुल लागत क्या होगी?

**Ans**
1. ✔ ₹360
2. ₹180
3. ₹240
4. ₹300

**Q.45** चालक तार को जब बैटरी से जोड़ा जाता है तो इलेक्ट्रॉन गति करने लगते हैं, लेकिन जब तार को बिना किसी स्रोत के खुला छोड़ दिया जाता है, तब वे गति नहीं करते, इसका क्या कारण है?

**Ans**
1. ✔ एक बैटरी विभवांतर उत्पन्न करती है, जो इलेक्ट्रॉनों को गति प्रदान करता है।
2. तार तांबे का बना होता है।
3. इलेक्ट्रॉनों में गति के लिए नैज ऊर्जा होती है।
4. तार में इलेक्ट्रॉनों पर गुरुत्वाकर्षण कार्य करता है।

**Q.46** ऐल्कोहॉल को पेट्रोल की तुलना में स्वच्छ ईंधन क्यों माना जाता है?

**Ans**
1. ✔ इससे कम धुआं निकलता है
2. यह कम तापमान पर जलता है
3. यह ऑक्सीजन के बिना जलता है
4. यह उच्च ऊर्जा प्रदान करता है

Q.47 प्रफुल्ल चाकी और खुदीराम बोस को किस ब्रिटिश अधिकारी की हत्या के प्रयास के लिए जाना जाता है?

Ans
1. लॉर्ड मिंटो
2. जॉन मॉर्ले
3. लॉर्ड कर्जन
4. डगलस किंग्सफोर्ड ✔

Q.48 निम्नलिखित में से कौन-सा द्वीप भारत का सबसे दक्षिणी बिंदु है?

Ans
1. कार निकोबार
2. कवरत्ती
3. लिटिल अंडमान
4. इंदिरा प्वाइंट ✔

Q.49 कौन-सा तत्व एकपरमाणुक अणु के रूप में विद्यमान रहता है?

Ans
1. नाइट्रोजन
2. आर्गन ✔
3. ऑक्सीजन
4. क्लोरीन

Q.50 एक रेलगाड़ी 60 km/h की चाल से 120 km की दूरी और तत्पश्चात 30 km/h की चाल से 60 km की एक और दूरी तय करती है। संपूर्ण यात्रा के लिए औसत चाल क्या है?

Ans
1. 45 km/h ✔
2. 30 km/h
3. 40 km/h
4. 50 km/h

Q.51 दिसंबर 2024 की स्थिति के अनुसार, वित्तीय क्षेत्र में 'जिम्मेदार और नैतिक AI के लिए रूपरेखा (Framework for Responsible and Ethical AI - FREE-AI)' विकसित करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) द्वारा गठित समिति के अध्यक्ष कौन हैं?

Ans
1. आईआईटी बॉम्बे से प्रोफेसर पुष्पक भट्टाचार्य ✔
2. इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्रालय से डॉ. राजीव चंद्रशेखर
3. पीएसए कार्यालय से प्रोफेसर के. विजय राघवन
4. आईएमएफ बोर्ड से डॉ. कृष्णमूर्ति सुब्रमण्यन

Q.52 खुले बाज़ार की क्रियाओं (OMOs) का संचालन आरबीआई के द्वारा ___________ को नियंत्रित करने के लिए किया जाता है।

Ans
1. मुद्रा पूर्ति ✔
2. राज्य के बजट
3. कॉर्पोरेट लाभ
4. विदेशी व्यापार

Q.53 भाबर पट्टी (Bhabar belt) का निर्माण करने वाली सामग्री का उद्गम क्या है?

Ans
1. ऊंची पर्वत श्रृंखलाओं से बहकर आया मलबा ✔
2. हिमनदीय निक्षेप
3. स्थानीय चट्टानों का अपक्षय
4. वातोढ़ निक्षेप

Q.54 गरिमा ने एक असली सजिल्द पुस्तक ₹56,000 में खरीदी। इसका मूल्य 5% वार्षिक दर से घटता है। 3 वर्ष बाद पुस्तक का मूल्य (₹ में) क्या होगा?

Ans
1. 47,052
2. 48,512
3. 48,713
✔ 4. 48,013

Q.55 दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

6 10 38 106 326 ?

Ans
1. 980
2. 923
3. 958
✔ 4. 970

Q.56 एक निश्चित कूट में,
'big grand wedding' को 'rc af bg' के रूप में कूटबद्ध किया गया है।
'grand birthday celebration' को 'kp vg rc' के रूप में कूटबद्ध किया गया है।
'enjoy big celebration' को 'af zd vg' के रूप में कूटबद्ध किया गया है।
(सभी कूट को केवल दो अक्षर में कूटबद्ध किया गया है)
'birthday bash' के लिए संभावित कूट क्या है?

Ans
1. bg vg
2. rc zd
✔ 3. kp tn
4. kp rc

Q.57 एक त्रिभुज की तीनों भुजाओं की लंबाई क्रमशः 13 cm, 14 cm और 15 cm है। इस त्रिभुज के अंतःवृत्त का क्षेत्रफल ($cm^2$ में) ज्ञात कीजिए। [π = 3.14 का उपयोग करें]

Ans
1. 53.38
2. 47.10
3. 56.52
✔ 4. 50.24

Q.58 U, V, W, X, Y, और Z एक ही इमारत की छह अलग-अलग मंजिलों पर रहते हैं। सबसे निचली मंजिल संख्या 1 है, उसके ऊपर संख्या 2, और इसी तरह सबसे ऊपरी मंजिल संख्या 6 है। W और Z के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। केवल X, V के ऊपर रहता है। Y एक सम संख्या वाली मंजिल पर रहता है। W सबसे निचली मंजिल पर रहता है। U और X के बीच कितने व्यक्ति रहते हैं?

Ans
1. तीन
✔ 2. दो
3. एक
4. चार

Q.59 यह प्रश्न नीचे दिए गए शब्दों पर आधारित है।

IRE AWE DAY FUR

दिए गए प्रत्येक शब्द में, अंग्रेजी वर्णमाला के क्रमानुसार प्रत्येक स्वर को उससे ठीक पहले आने वाले दूसरे अक्षर में बदला जाता है, और अंग्रेजी वर्णमाला के क्रमानुसार प्रत्येक व्यंजन को उसके ठीक बाद आने वाले अक्षर में बदला जाता है। इस प्रकार बने कितने अक्षर-समूहों में कोई भी स्वर नहीं होगा?

Ans
✔ 1. तीन
2. चार
3. एक
4. दो

Q.60 दो क्रमागत सम प्राकृत संख्याओं के वर्गों का योगफल 3700 है। उन संख्याओं का योगफल क्या होगा?

Ans
1. 96
✔ 2. 86
3. 72
4. 80

Q.61 मानव शरीर के लैरिंक्स (larynx) में निम्नलिखित में से किस प्रकार का संयोजी ऊतक उपस्थित होता है?

Ans
1. स्नायु (Ligament)
2. एडिपोस (Adipose)
3. एरिओलर (Areolar)
✔ 4. उपास्थि (Cartilage)

Q.62 अजय बिंदु A से गाड़ी चलाना शुरू करता है और उत्तर की ओर 6 km गाड़ी चलाता है। फिर वह बाईं ओर मुड़ता है और 5 km गाड़ी चलाता है, फिर बाईं ओर मुड़ता है और 15 km गाड़ी चलाता है। उसके बाद वह फिर से बाईं ओर मुड़ता है और 12 km गाड़ी चलाता है। वह अंत में एक बार फिर बाईं ओर मुड़ता है, 9 km गाड़ी चलाता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में गाड़ी चलानी चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं।)

Ans
1. पूर्व की ओर 7 km
2. पश्चिम की ओर 6 km
3. पूर्व की ओर 6 km
✔ 4. पश्चिम की ओर 7 km

Q.63 1964 में भ्रष्टाचार निवारण समिति की अध्यक्षता किसने की थी और केंद्रीय सतर्कता आयोग की स्थापना का सुझाव दिया था?

Ans
1. पी. के. मोहंती
✔ 2. के. संथानम
3. जी. वी. रामकृष्ण
4. जी. के. पिल्लई

Q.64 अंतराफसलीकरण के लिए भिन्न-भिन्न पोषक तत्वों की आवश्यकताओं वाली फसलों का चुनाव क्यों किया जाता है?

Ans
1. सभी कीटों और बीमारियों को पूरी तरह से रोकने के लिए
2. क्रमिक रूप से फसल आवर्तन होने देने के लिए
3. फसल वृद्धि की अवधि बढ़ाने के लिए
✔ 4. खेत में आपूर्ति किए जाने वाले पोषक तत्वों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने के लिए

Q.65 किस भारतीय खिलाड़ी को 2024 में अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ की नई FIH एथलीट समिति के सह-अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था?

Ans
1. हरमनप्रीत सिंह
2. राज कुमार पाल
3. अमित रोहिदास
✔ 4. पी. आर. श्रीजेश

Q.66 सरल कीजिए : $88 - 1 \times (5 + 12) - 19$

Ans
1. 62
2. 54
3. 60
✔ 4. 52

**Q.67** दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

2 7 22 67 ?

**Ans**
1. 203
2. 204
3. 201
4. 202 ✔

**Q.68** 7 के प्रथम 18 धनात्मक गुणजों का औसत ज्ञात कीजिए।

**Ans**
1. 18
2. 63
3. 66.5 ✔
4. 7

**Q.69** निम्नलिखित बंटन से माध्य अंक ज्ञात कीजिए।

| प्राप्तांक | विद्यार्थियों की संख्या |
|---|---|
| 36 | 12 |
| 35 | 11 |
| 93 | 18 |
| 17 | 5 |

**Ans**
1. 75
2. 56 ✔
3. 72
4. 60

**Q.70** यदि द्विवलनी (मिट्रल) कपाट ठीक से बंद होने में विफल रहता है, तो निलय के संकुचन के दौरान किस तत्काल प्रभाव की सबसे अधिक संभावना है?

**Ans**
1. निलय में ऑक्सीजनेटेड और डीऑक्सीजनेटेड रक्त का मिश्रण
2. बाएँ निलय से बाएँ अलिंद में रक्त का विपरीत प्रवाह ✔
3. फेफड़ों में रक्त का प्रवाह कम होना
4. दाएँ निलय से दाएँ अलिंद में रक्त का विपरीत प्रवाह

**Q.71** किसी निश्चित तर्क के अनुसार, RD 15 का संबंध UI -1 से है। उसी तर्क के अनुसार, WG 13 का संबंध ZL -3 से है। उसी तर्क के अनुसार, OG 1 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

**Ans**
1. JK -12
2. RL -15 ✔
3. HU -10
4. KO -16

**Q.72** विद्युत अपघटनी परिष्करण के दौरान अविलेय अशुद्धियों का क्या होता है?

**Ans**
1. वे कैथोड पर जमा हो जाती हैं
2. वे ऐनोड पंक के रूप में तली पर निक्षेपित हो जाती हैं ✔
3. वे वाष्पित हो जाती हैं
4. वे पूरी तरह से घुल जाती हैं

**Q.73** दो संख्याओं का महत्तम समापवर्तक और लघुत्तम समापवर्त्य क्रमशः 15 और 300 है। यदि पहली संख्या, दूसरी संख्या की $\frac{5}{4}$ गुना है, तो बड़ी संख्या क्या है?

Ans
✔ 1. 75
2. 84
3. 88
4. 110

**Q.74** उस संख्या-समूह का चयन करें जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं, जैसे नीचे दिए गए संख्या-समूह की संख्याएँ आपस में संबंधित हैं।
(ध्यान दें : संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना,पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएँ की जानी चाहिए। उदाहरणार्थ 13 - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

(136, 220, 84)
(144, 240, 96)

Ans
1. (152, 260, 88)
2. (164, 254, 92)
✔ 3. (140, 238, 98)
4. (156, 210, 56)

**Q.75** 1947 और 1991 के बीच भारत में आर्थिक संरचना का क्या परिणाम हुआ?

Ans
✔ 1. भारी विनियमन और संरक्षणवाद के कारण धीमा औद्योगिक विकास
2. सार्वजनिक क्षेत्र का पूर्ण निजीकरण
3. उच्च स्तर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश
4. सभी क्षेत्रों में तीव्र तकनीकी उन्नयन

**Q.76** वस्तु X और Y के क्रय मूल्य का अनुपात 3 : 7 है। एक व्यक्ति वस्तु X को बेचकर 49% लाभ अर्जित करता है, और वस्तु Y को बेचकर 16% हानि उठाता है। इस संपूर्ण लेन-देन में उसका कुल लाभ/हानि प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
1. हानि, 3.5%
2. हानि, 5%
✔ 3. लाभ, 3.5%
4. लाभ, 3%

**Q.77** निम्नलिखित अक्षर, प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और प्रश्न का उत्तर दें।

(बाएँ) H F % G R @ # S $ M * % & N E Q Z U L @ T W (दाएँ)

यदि श्रृंखला से सभी प्रतीकों को हटा दिया जाए, तो निम्नलिखित में से कौन-सा दाएँ से चौथे स्थान पर होगा?

Ans
1. Z
2. Q
3. L
✔ 4. U

**Q.78** उस त्रय का चयन कीजिए जो उसी पैटर्न का अनुसरण करता है, जिसका अनुसरण नीचे दिए गए दो त्रयों द्वारा किया जाता है। दोनों त्रय समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

NQ-KO-IL
FI-CG-AD

Ans
1. IM-GK-FH
✔ 2. JM-GK-EH
3. JM-GK-FH
4. IM-GL-FH

**Q.79** यदि किसी वस्तु की ऊँचाई नियत रखते हुए, उसके द्रव्यमान को आधा कर दिया जाए, तो उसकी स्थितिज ऊर्जा पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

**Ans**

1. स्थितिज ऊर्जा शून्य हो जाएगी
2. ✔ स्थितिज ऊर्जा आधी हो जाएगी
3. स्थितिज ऊर्जा अपरिवर्तित रहेगी
4. स्थितिज ऊर्जा दोगुनी हो जाएगी

**Q.80** A और B किसी काम को क्रमशः 15 दिन तथा 10 दिन में पूरा कर सकते हैं। उन्होंने एक साथ मिलकर काम करना शुरू किया, लेकिन 2 दिन बाद B को काम छोड़ना पड़ा और A ने शेष काम अकेले पूरा किया। संपूर्ण काम __________ दिनों में पूरा हुआ।

**Ans**

1. 13
2. ✔ 12
3. 11
4. 10

**Q.81** परिनालिका के भीतर प्रबल चुंबकीय क्षेत्र का उपयोग करके किस सामग्री को चुंबकित किया जा सकता है?

**Ans**

1. कॉपर
2. ✔ नर्म लोहा
3. एल्यूमीनियम
4. प्लास्टिक

**Q.82** तालाब पारितंत्र में, पादपप्लवक को हटा देने पर सबसे प्रत्यक्ष रूप से ____________ प्रभावित होगा।

**Ans**

1. ✔ प्राथमिक उपभोक्ता जैसे प्राणिप्लवक
2. केवल अपघटक
3. अजैविक घटक
4. द्वितीयक उपभोक्ता जैसे मछली खाने वाले पक्षी

**Q.83** यदि $m + n + o = 15$ और $mn + no + om = 75$ है, तो $m^3 + n^3 + o^3 - 3mno$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**

1. 1
2. 3
3. 5
4. ✔ 0

**Q.84** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन इस बात का सटीक वर्णन करता है कि गुरुत्वाकर्षण के अधीन किसी वस्तु के मुक्त पतन के दौरान ऊर्जा किस प्रकार रूपांतरित होती है?

**Ans**

1. ✔ स्थितिज उर्जा घटती है जबकि गतिज ऊर्जा बढ़ती है, जो कुल यांत्रिक ऊर्जा को अचर बनाए रखती है।
2. स्थितिज और गतिज दोनों ऊर्जा अचर रहती हैं।
3. स्थितिज उर्जा और गतिज ऊर्जा दोनों घटती हैं।
4. पतन के दौरान स्थितिज उर्जा, ऊष्मा ऊर्जा में परिवर्तित हो जाती है।

**Q.85** एक विद्यार्थी एक अज्ञात विलयन में लेड (II) नाइट्रेट ($Pb(NO_3)_2$) मिलाता है। एक पीला अवक्षेप बनता है। अज्ञात विलयन क्या हो सकता है?

**Ans**

1. कॉपर सल्फेट (CuSO4)
2. ✔ पोटैशियम आयोडाइड (KI)
3. सोडियम क्लोराइड (NaCl)
4. बेरियम सल्फेट (BaSO4)

Q.86 $\sqrt{\left(90+\sqrt{\left((97+\sqrt{\left(4+\sqrt{\left(19+\sqrt{(36)}\right)}\right)}\right)}\right)}$ का मान क्या है?

Ans
✔ 1. 10
2. 7
3. 9
4. 12

Q.87 एक डिज़ाइनर एक ऐसे उपकरण का निर्माण करना चाहता है जो एक छोटे बल्ब के प्रकाश को एक विस्तृत क्षेत्र में समान रूप से फैला सके। इसके लिए किस लेंस का उपयोग किया जाना चाहिए और क्यों?

Ans
1. उत्तल लेंस, क्योंकि यह प्रकाश की किरणों को अभिसरित (converge) करता है
2. एक प्रिज्म, क्योंकि यह एक कोण पर प्रकाश को मोड़ता है
3. एक समतल कांच, क्योंकि यह मोड़े बिना प्रकाश को संचारित करता है
✔ 4. एक अवतल लेंस, क्योंकि यह प्रकाश की किरणों को बाहर की ओर अपसारित (diverge) करता है

Q.88 एक माली एक पेड़ के नीचे गिरी हुई पत्तियों को देखता है। यह पौधे के उत्सर्जन की किस विधि को दर्शाता है, और इसमें किस प्रकार का अपशिष्ट प्रबंधन शामिल है?

Ans
1. अपशिष्ट को केवल ऑक्सीजन के रूप में मुक्त करना।
2. अपशिष्ट को केवल जड़ों के माध्यम से उत्सर्जित करना।
3. कचरे को उपज में बदलना।
✔ 4. गिरने वाली पत्तियों में अपशिष्ट का संग्रहण।

Q.89 600 m की दौड़ में P, Q को 10 सेकंड की शुरुआती बढ़त देता है, लेकिन दोनों एक ही समय पर दौड़ समाप्त करते हैं। यदि Q की चाल 4 m/sec है, तो P को दौड़ समाप्त करने में लगा समय ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 146 सेकंड
✔ 2. 140 सेकंड
3. 142 सेकंड
4. 144 सेकंड

Q.90 एक किसान अपने मधुमक्खी पालन केंद्र पर उत्पादित शहद की मात्रा और स्वाद दोनों में सुधार करना चाहता है। उसे निम्नलिखित में से कौन-सी रणनीति अपनानी चाहिए?

Ans
1. मधुमक्खी पालन को कम फूलों वाले क्षेत्र में ले जाएँ।
2. मधुमक्खियों के छत्तों की संख्या कम करें और मधुमक्खियों की संख्या बढ़ाएं।
3. शहद उत्पादन के लिए केवल स्थानीय मधुमक्खियों की किस्मों का उपयोग करें।
✔ 4. मधुमक्खी के छत्तों के समीप पुष्पी पादपों की विविधता और मात्रा में वृद्धि करें।

Q.91 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हो, यह निर्धारित करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।
कथन:
सभी कप, गिलास हैं।
सभी गिलास, बोतल हैं।
सभी बोतल, जार हैं।
निष्कर्ष:
(I): सभी कप, बोतल हैं।
(II): सभी गिलास, जार हैं।

Ans
✔ 1. निष्कर्ष (I) और (II), दोनों अनुसरण करते हैं।
2. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
3. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
4. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

Q.92 H, A का भाई है। R, K की बहन है। P, K का पुत्र है। K, A की पत्नी है। H का R से क्या संबंध है?

Ans
1. बहन के पति का पिता
2. पति का पिता
✔ 3. बहन के पति का भाई
4. पति का भाई

Q.93 एक शहर में सभी प्लास्टिक थैलियों की जगह कपड़े के थैलों का उपयोग किया जाने लगा है। पारितंत्र में किस 'श्रृंखला प्रतिक्रिया' (Chain Reaction) की अपेक्षा की जा सकती है?

Ans
1. कपड़ों के थैले मिट्टी की विषाक्तता का कारण बनेंगे
2. प्लास्टिक अभी भी खाद्य श्रृंखला में प्रवेश करेगा
✔ 3. प्रदूषण में कमी और जैव आवर्धन में कमी होगी
4. जल निकायों में अधिक प्लास्टिक जमा होगा


Q.94 एक व्यापारी किसी वस्तु के अंकित मूल्य पर 8% की छूट देता है और 18 वस्तुएँ खरीदने पर 3 वस्तुएँ मुफ़्त देता है, तथा इस पूरे लेनदेन में 38% का लाभ अर्जित करता है। यह मानते हुए कि एक ग्राहक 18 वस्तुओं के लिए भुगतान करता है, एक वस्तु का अंकित मूल्य उसके क्रय मूल्य से कितने प्रतिशत अधिक है?

Ans
1. 79%
2. 70%
3. 85%
✔ 4. 75%

Q.95 यदि 24 वस्तुओं का क्रय मूल्य 15 वस्तुओं के विक्रय मूल्य के बराबर है, तो लाभ का प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 40%
2. 71%
3. 55%
✔ 4. 60%

Q.96 नीचे दिए गए वेन आरेख का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। अलग-अलग वृत खंडों में दी गई संख्याएँ व्यक्तियों की संख्या दर्शाती हैं। (ध्यान दें: आपको दिए गए आकड़ों को सत्य मानना है, भले ही वह समान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों।)
कितने पियानो वादक ऐसे हैं जो पाठक हैं लेकिन गेमर नहीं हैं?




संदर्भ: Pianists - पियानो वादक, Readers - पाठक, Gamers - गेमर

Ans
1. 15
2. 14
3. 18
✔ 4. 20

Q.97 सी. विजय राघवा चारियर के विषय में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?
I. उन्हें 'द हीरो ऑफ सलेम' कहा जाता था।
II. उन्हें 'द लायन ऑफ नॉर्थ इंडिया' के रूप में जाना जाता था।

Ans
1. I और II दोनों
2. न तो I और न ही II
3. केवल II
✔ 4. केवल I

Q.98 यदि 2 : 4 :: 4.6 : x और 4 : 16 :: 2 : y हो तो x और y का अनुपात ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 21 : 21
2. 27 : 30
✔ 3. 23 : 20
4. 24 : 18

Q.99 यदि + का अर्थ - है, - का अर्थ x है, x का अर्थ ÷ है, ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

7-24×6÷18+7=?

Ans
1. 45
2. 48
3. 40
✔ 4. 39

Q.100 कर्नाटक संगीत में अल्पना, हिंदुस्तानी संगीत के किस भाग के समतुल्य है?

Ans
1. तान (Taan)
2. बंदिश (Bandish)
✔ 3. अलाप (Alap)
4. सरगम (Sargam)

"